## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–09 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आज से शुरु हो रहा है विधानमंडल का बजट सत्र। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सर्वदलीय बैठक में की सदन को सुचारु रुप से चलाने में सभी दलों से सहयोग की अपील।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को प्रदेश के लिए बताया महत्वपूर्ण। कहा– विभिन्न उद्योगों को मिलेगा लाभ, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति।
- दलहन उत्पादन के लिए केन्द्र सरकार से मिली 125 करोड़ की सहायता। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा– प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने और आत्मनिर्भरता के संकल्प को पूरा करने में इस सहायता से मिलेगी मदद।
- प्रदेश में हुई दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत। कई अन्य घायल।

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र आज से शुरू हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सत्र के सुचारू संचालन के लिये कल विधान भवन में सर्वदलीय बैठक की। मीडिया से बातचीत करते हुए विधानसभाध्यक्ष ने कहा कि सदन में सदस्यों को अपना पक्ष रखने का समुचित अवसर दिया जायेगा।

**विधान सभा का मंच चर्चा–परिचर्चा के लिये है, सहमति और असहमति लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण पार्ट है। लेकिन चर्चा लोग करेंगे क्योस करने से न विपक्ष की बात आ सकती है न सरकार अपनी बात कह सकती है। सभी नेताओं ने मुझे इस बात का आश्वासन दिया है कि विधान सभा का सत्र सुचारू रूप से चलेगा उनको बोलने का अवसर दिया जाये, मैंने भी ये कहा कि मैं पर्याप्त अवसर सभी माननीय सदस्यों के लिये दूंगा, सांयः आठ बजे तक हाउस चलाने की जरूरत पड़ी तो उसको भी चलायेंगे, ताकि सब लोगों को अवसर मिल सके।**

नेता सदन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में जनता के हित से जुड़े हर मुद्दों पर सदन में सुचारु रूप से चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है।

वहीं नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदन में कानून व्यवस्था और बेरोजगारी सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा पर जोर देगी।

आज से शुरू हो रहे बजट सत्र में सुबह 11 बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल संयुक्त सत्र को सम्बोधित करेंगी। और जानकारी हमारे प्रतिनिधि से–

**उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सत्र सुबह 11 बजे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। राज्यपाल दोनों सदनों–विधानसभा और विधान परिषद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगी। इसके बाद औपचारिक कार्य होंगे। 10 फरवरी को विधानसभा सदस्यों के निधन संबंधी सूचना पढ़े जाने के बाद कार्यवाही को स्थगित कर दिया जाएगा। बजट सत्र के दौरान कई अध्यादेशों को भी पेश किया जाएगा। 11 फरवरी को सुबह 11 बजे यूपी विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026–27 का बजट पेश किया जाएगा। बजट पेश होने के बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा शुरू होगी। 12 फरवरी को धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा जारी रहेगी। 13 फरवरी को चर्चा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस पर अपना जवाब पेश करेंगे। 16 से 20 फरवरी तक सदन में विभागीय बजट प्रस्तावों पर चर्चा होगी और इस दौरान कई अध्यादेशों को पेश किया जायेगा। बजट सत्र को लेकर विधान भवन के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। विधान भवन के सामने की मुख्य सड़क और अन्य मार्गों पर यातायात डायवर्जन भी लागू रहेगा। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय समझौते से प्रदेश को भी लाभ मिलेगा। एक रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस समझौते के तहत जारी टैरिफ ज्वाइंट स्टेटमेंट ने उत्तर प्रदेश की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था के लिये महत्वपूर्ण नीतिगत संकेत दिया है। भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी टैरिफ को औसतन पचास प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत और चुनिन्दा श्रेणियों में शून्य किये जाने का प्रावधान ऐसे समय आया है जब राज्य सरकार श्रम प्रधान उद्योगों, एमएसएमई और क्लस्टर आधारित विनिर्माण को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि टैरिफ कटौती से श्रम प्रधान उद्योगों को नीतिगत समर्थन मिलेगा, जिससे भदोही–मिर्जापुर कालीन और वाराणसी सिल्क उद्योगों की पहुंच बाजार में और बेहतर होगी। वहीं कानपुर–आगरा लेदर क्लस्टर के लिये लागत दबाव में कमी आयेगी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

**********

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत–अमरीका व्यापार समझौते को  कृषि और किसानों के हित में बताया है। उन्होंने कहा कि प्रमुख कृषि उत्पादों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। एक रिपोर्ट–

**भारत–अमेरिका के बीच हुए व्यापार समझौते पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में कहा कि इस डील में भारतीय कृषि की शुद्धता बरकरार रखी गई है। सभी ऐसी वस्तुओं को समझौते के बाहर रखा गया है। आप देखेंगे सोयाबीन, मक्का, चावल, गेहूं, चीनी, मोटे, अनाज, पोल्ट्री डेरी केले स्ट्रॉबेरी चेयली खट्टे फल हरी मटर काबुली चना मूंग तिलहन, तम्बाकू जैसे उत्पादों पर कोई टेरिफ में छूट नहीं दी गई।श्री चौहान ने कहा हकीकत ये है कि जो भी चीजें हमारे किसानों की ताकत हैं, उन सबको इस समझौते से बाहर रखा गया है। अभिनव गोयल, आकाशवाणी समाचार, भोपाल।**

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा उत्तर प्रदेश में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एक सौ पच्चीस करोड़ रूपये का चेक प्रदान करने के लिए आभार जताया । श्री शाही ने कहा है कि यह वित्तीय मदद राज्य के किसानों की आय में वृद्धि, पोषण सुरक्षा और दलहन आत्म निर्भरता के संकल्प को सिद्ध करने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश वर्तमान में देश के शीर्ष दलहन उत्पादक राज्यों में शामिल है।

**********

केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों ने कल पत्रकार वार्ता कर बजट को विकसित भारत के लिये महत्वपूर्ण बताया। कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने मिर्जापुर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बजट में आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय अनुशासन और सुशासन को प्राथमिकता दी गई है। संतकबीरनगर में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि तीरपन लाख सैंतालीस हजार तीन सौ पंद्रह करोड़ का यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में सात दशमलव सात प्रतिशत अधिक है। यह हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है।

**********

प्रदेश भर में चाइनीज मांझे के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि चाइनीज मांझे के उत्पादन, बिक्री और भंडारण से जुड़े हर व्यक्ति पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाये। श्री योगी ने चेतावनी दी है कि चाइनीज मांझे से कोई घटना हुई तो सिर्फ विक्रेता ही नहीं बल्कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भी जिम्मेदार माना जायेगा।

**********

कल रायबरेली जिले में हुई दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पहली दुर्घटना तब हुई जब रायबरेली के निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस–वे पर एक अनियंत्रित कार ने पैदल जा रही युवतियों को कुचल दिया, जिससे चार युवतियों की मौके पर ही मौत हो गयी और तीन घायल हो गयीं। पुलिस सूत्रों के अनुसार सभी युवतियां भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के बाद घर लौट रही थीं। रायबरेली में ही हुई एक अन्य सड़क दुर्घटना में दो तेज रफ्तार दोपहिया वाहनों के बीच टक्कर के चलते दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

**********

केन्द्र सरकार ने आयकर नियमों और प्रपत्रों, दो हजार छब्बीस के मसौदे पर जनता और हितधारकों से टिप्पणियाँ आमंत्रित की हैं। ये टिप्पणियां इस महीने की बाइस तारीख तक आयकर कार्यालय के आधिकारिक पोर्टल पर भेजी जा सकती हैं। आयकर कार्यालय ने सूचित किया है कि मसौदा नियम सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध हैं। इसका उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ावा देना और सहभागी तथा प्रभावी नियम निर्माण प्रक्रिया सुनिश्चित करना है।

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों के तराई क्षेत्र में कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********